# AH – 1419 CV-19

M.A. (Previous)

Term End Examination, 2019-20

## HINDI (Paper-IV)

## भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 100

[Minimum Pass Marks : 36

नोट : सभी खण्डों से उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित है।

Note : Answer all questions. All questions carry equal marks.

### खण्ड–क

1. भाषा विज्ञान के अध्ययन की दिशाओं पर सारगर्भित लेख लिखिए [15]

**अथवा**

स्वन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए स्वनिक परिवर्तन को सोदाहरण लिखिए

2. अर्थ परिवर्तन में बौद्धिक नियम का क्या महत्व है, उदाहरण देते हुए उसके मुख्य भेदों की मीमांसा कीजिए [15]

**अथवा**

रुप प्रक्रिया के स्वरुप एवं रुपिम की अवधारणाओं को स्पष्ट कीजिए

### खण्ड–ख

3. आधुनिक भारतीय आर्य भाषाएँ एवं उनका वर्गीकरण पर सारगर्भित निबंध लिखिए [15]

**अथवा**

खड़ी बोली, ब्रज एवं अवधी की विशेषताएं लिखिए

4. संपर्क भाषा, माध्यम भाषा एवं संचार भाषा को स्पष्ट कीजिए [15]

**अथवा**

आंकड़ा संसाधन एवं शब्द संसाधन को समझाइए

5. निम्नलिखित में से किन्ही पॉच पर टिप्पणियॉ लिखिए [4X5=20]

(1) मशीनी अनुवाद (2) वैदिक संस्कृत (3) भाषा के अभिलक्षण

(4) पदक्रम एवं अन्विति (5) लिंग एवं वचन (6) अनेकार्थता

### खण्ड–ग

6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– [1x20=20]

(1) भाषा विज्ञान के मुख्य विभागों के नाम लिखिए?

(2) जार्ज ग्रियर्सन ने हिन्दी की बोलियो को कितने भागों में विभाजित किया है?

(3) "फोनेटिक्स" शब्द का प्रयोग किस विज्ञान के लिये किया जाता है?

(4) संयुक्त स्वर के दो उदाहरण लिखिए?

(5) महाप्राण किसे कहते हैं?

(6) "दीपक ज़ाता है" में उद्देश्य और विधेय को लिखिए?

(7) पतञ्जलि के अनुसार अर्थ का महत्व लिखिए?

(8) भाषा की एक परिभाषा दीजिए।

(9) तत्सम शब्द किसे कहते हैं?

(10) रेडियो के लिये आकाशवाणी शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किस कवि ने किया था?

(11) रुपग्राम किसे कहते हैं?

(12) उर्दू हिन्दी की ही एक शैली है, यह विचार किसने व्यक्त किया है?

(13) उच्चारण स्थान की दृष्टि से स्वरों के कितने भेद हैं?

(14) अर्थ विस्तार का एक उदाहरण दीजिए?

(15) संयुक्त वाक्य का एक उदाहरण लिखिए ?

(16) प्रोक्ति किसे कहते हैं?

(17) हिन्दी में पुरुष कितने होते हैं?

(18) अल्पप्राण का एक उदाहरण दीजिए?

(19) जुगुप्सा शब्द के अर्थ परिवर्तन को समझाइए?

(20) ऐसे शब्दों के उदाहरण दीजिए जिनके विलोम शब्द नहीं होते?

(21) जिसके उच्चारण से हवा अबाधगति से मुखविवर से निकल जाती है उसे कौन सी ध्वनि कहते हैं?

(22) समध्वनि भिन्नार्थक शब्द का एक उदाहरण दीजिए?